हिन्दी प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी चंडीगढ़
14 मई 2026, समय 18:10

<u>मुख्य समाचार</u>

- निर्वाचन आयोग ने विशेष गहन पुनिरीक्षण के तीसरे चरण की घोषणा की।
- देश में घरेलू एल.पी.जी. की आपूर्ति सुचारु रूप से जारी , भारत के दो जहाजों ने , 90 हज़ार मीट्रिक टन से अधिक एल.पी.जी. के साथ , होर्मुज जलडमरूमध्य को पार किया।
- हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने , नगर निकाय चुनाव में एतिहासिक विजय के लिए प्रदेशवासियों का आभार जताया, कहा – जनता ने विकास, सुशासन,पारदर्शिता और राष्ट्रवाद की राजनीति को स्वीकार किया।
- हरियाणा विघालय शिक्षा बोर्ड ने सैकेण्डरी की शैक्षिक एवं मुक्त विघालय परीक्षा का परिणाम घोषित किया – सैकेण्डरी शैक्षिक का परिणाम 89.06 प्रतिशत रहा।
- हरियाणा की स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव ने ,गुरुग्राम जिले में स्वास्थ्य सेवाओ से जुड़ी करीब 2 करोड़ 86 लाख रुपए की विकास परियोजनाए जनता को समर्पित की।

*************************************************************************

निर्वाचन आयोग ने आज विशेष गहन पुनरीक्षण – एसआईआर के तीसरे चरण की घोषणा की है, इसे 16 राज्यों और तीन केंद्र शासित प्रदेशों में चरणबद्ध तरीके से चलाया जाएगा।

इन राज्यों व केंद्र शासित प्रदेशों में हरियाणा, पंजाब,दिल्ली और चंडीगढ़ शामिल हैं।

*************************************************************************

केंद्र सरकार ने कहा है कि देश भर में कच्चे तेल, एल.पी.जी. और प्राकृतिक गैस की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए प्रभावी कदम उठाए गए हैं।

नई दिल्ली में पश्चिम एशिया के घटनाक्रमों पर अंतर-मंत्रालयी पत्रकार वार्ता में पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय की संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने कहा कि देश भर में घरेलू एल.पी.जी. आपूर्ति सुचारू रूप से जारी है।

उन्होंने कहा कि रिफाइनरियां अधिकतम क्षमता पर काम कर रही हैं और एल.पी.जी. कनेक्टिविटी में भी वृद्धि हुई है।

सुश्री सुजाता शर्मा ने कहा कि वाणिज्यिक एलपीजी की बहाली लगभग 70 प्रतिशत तक पहुंच गई है।

पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग सचिव मुकेश मंगल ने बताया कि 20 से अधिक चालक दल के सदस्यों सहित 90 हजार मीट्रिक टन से अधिक एल.पी.जी. ले जा रहे दो जहाज कल रात होर्मुज जलडमरूमध्य को पार कर गए। उनके शनिवार को देश पहुंचने की उम्मीद है।

**************************************************************************

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि हरियाणा की जनता ने विकास, सुशासन, पारदर्शिता और राष्ट्रवाद की राजनीति को खुले दिल से स्वीकार किया है। निकाय चुनावों में भारतीय जनता पार्टी की ऐतिहासिक और एकतरफा जीत इस बात का स्पष्ट संकेत है। उन्होंने इस ऐतिहासिक विजय के लिए प्रदेशवासियों का आभार व्यक्त किया।

मुख्यमंत्री आज पंचकूला में भाजपा मुख्यालय में नगर निकायों के नव-निर्वाचित महापौरों , प्रधानों एवं पार्षदों के सम्मान में आयोजित समारोह को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे।उन्होंने कहा कि प्रदेश की जनता ने कांग्रेस की परिवारवाद, झूठ, भ्रम और नकारात्मक राजनीति को पूरी तरह नकार दिया है।

उन्होंने भाजपा के समर्पित कार्यकर्ताओं का भी धन्यवाद किया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि पिछले 11 वर्षों में देश में सकारात्मक परिवर्तन देखने को मिला है। केंद्र और राज्य सरकार की कल्याणकारी नीतियों से गरीब और किसान सशक्त हुए हैं तथा महिलाओं के जीवन में सकारात्मक बदलाव आया है।

मुख्यमंत्री ने निकाय चुनावों में विजयी उम्मीदवारों को बधाई देते हुए उनसे जनता की आशाओं और आकांक्षाओं पर खरा उतरने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि यह जनादेश सत्ता नहीं, बल्कि सेवा का संदेश है। उन्होंने कहा कि चुनावों के दौरान जारी किए गए घोषणा पत्र को अक्षरशः लागू किया जाएगा। इस अवसर पर भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मोहन लाल कौशिक एवं कई कैबिनेट मंत्री व राज्यसभा सदस्य मौजूद रहे।

**************************************************************************

हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड ने आज सैकण्डरी की शैक्षिक एवं मुक्त विद्यालय परीक्षा का परिणाम घोषित कर दिया। परीक्षार्थी अपना परिणाम बोर्ड की आधिकारिक वेबसाइट व results.digilocker.gov.in पर देख सकते है। सैकेण्डरी (शैक्षिक) के नियमित परीक्षार्थियों का परीक्षा परिणाम 89.60 फीसदी तथा स्वयंपाठी परीक्षार्थियों का परिणाम 70.02 फीसदी रहा।

उन्होंने कहा कि परीक्षा में छात्राओं का पास प्रतिशतता 91.64 प्रतिशत रही, जबकि लड़कों का पास प्रतिशत 87.69 रहा। छात्राओं का पास प्रतिशत छात्रों से 3.95 फीसदी ज्यादा रहा।

उन्होंने आगे बताया कि सैकेण्डरी परीक्षा में बैठे 4, 556 स्वयंपाठी परीक्षार्थियों में से 3,190 पास हुए हैं। बोर्ड अध्यक्ष ने बताया कि सैकेण्डरी मुक्त विद्यालय की परीक्षा में 5,772 परीक्षार्थी प्रथम बार प्रविष्ठ हुए थे, जिनमें से 645 परीक्षार्थी उत्तीर्ण हुए, पास प्रतिशतता 11.17 रही। उन्होंने बताया कि सैकेण्डरी मुक्त विद्यालय (रि-अपीयर) का परिणाम 47.64 फीसदी रहा।

*********************************************************************

हरियाणा की स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव ने आज गुरुग्राम जिले में स्वास्थ्य सेवाओं से जुड़ी करीब 2 करोड़ 86 लाख रुपये की विभिन्न विकास परियोजनाएं जनता को समर्पित कीं। इस अवसर पर पटौदी की विधायक श्रीमती बिमला चौधरी भी मौजूद रही।

स्वास्थ्य मंत्री ने आज जिन परियोजनाओं का उद्घाटन किया उनमें उपमंडल नागरिक अस्पताल हेलीमण्डी में लगभग 50 लाख रुपये की लागत से बनाया गया ब्लॉक पब्लिक हेल्थ यूनिट, गांव चन्दू में लगभग 89 लाख 45 हजार रुपये की लागत से नूरगढ़ में निर्मित सामान्य उप स्वास्थ्य केंद्र का भवन और महचाना गांव में 64 लाख 83 हजार रुपए की लागत से निर्मित उप स्वास्थ्य केंद्र का भवन शामिल हैं।

स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि ब्लॉक पब्लिक हेल्थ यूनिट पटौदी खंड के लिए डायग्नोस्टिक हब के रूप में कार्य करेगा, जहां विभिन्न लैब जांच सुविधाएं उपलब्ध होंगी। इन परियोजनाओं से ग्रामीण क्षेत्रों में प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच और गुणवत्ता दोनों में सुधार होगा।

सुश्री आरती सिंह राव ने बताया कि गुरुग्राम में आमजन को बेहतर चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए कई नई विकास परियोजनाएं भी प्रस्तावित हैं। उन्होंने बताया कि जिले के बाघनकी क्षेत्र में एक नया प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र और घामड़ोज गांव में नया उप स्वास्थ्य केंद्र बनाया जाना प्रस्तावित है।

स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि जिले में 8 नए उप स्वास्थ्य केंद्र स्थापित किए जाएंगे। इसके अतिरिक्त रणसीका, रीठोज तथा सिधारवाली में तीन नए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र खोले जाएंगे।

उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य सेवाओं को और मजबूत करने के लिए दो प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में अपग्रेड किया जाएगा।